# दैनिक आधुनिक राजस्थान

Whatsapp broadcast no. 9352002525 e-paper: adhunikrajasthan.com



ADHUNIKS
THE WOMEN'S PARADISE
*Women's Apparel * Women's Accessories * Women's Boutique
Salwar Suits, Designer Suits, Tops, Lehangaas, Kurtis, Boutique Design, Saree and Suits, Jeans, Cosmetic, Jewellerys (Imitation & Silver), Nightwear, Gowns and etc.
Dainik Adhunik Rajasthan,
Madan Gopal Marg, Kaiserganj, Ajmer
Ph. 0145-2422777, 2620777



वर्षः 43 अंकः 104 आर. एन. आइ. पंजीयन संख्या 35155/79 अजमेर, शनिवार 1 फरवरी 2025 डाक पंजीयन आर.जे./ए.जे./03/2019-21 फोनः 2620777 पृष्ठः 6- डाक मूल्य - दो रुपया


# संसद का पहला सत्र जिससे पहले कोई विदेशी चिंगारी नहीं भड़की- प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली( जीएनएस )।** संसद के बजट सत्र पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद भवन के बाहर पत्रकारों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नवाचार, समावेशन और निवेश लगातार हमारी आर्थिक गतिविधि के रोडमैप का आधार रहे हैं। इस सत्र में हमेशा की तरह कई ऐतिहासिक बिल पर सदन में चर्चा होगी और व्यापक मंथन के साथ वो राष्ट्र की ताकत बढ़ाने वाले कानून बनेंगे। विपक्ष पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 से लेकर अब तक शायद यह पहला, संसद का सत्र है, जिसके एक दो दिन पहले कोई विदेशी चिंगारी नहीं भड़की है, विदेश से आग लगाने की कोशिश नहीं हुई है। उन्होंने कहा, मैं 2014 से देख रहा हूं कि हर सत्र से पहले शरारत करने के लिए लोग तैयार बैठते थे और यहां उनको हवा देने वालों की कोई कमी नहीं है। 10 साल बाद यह पहला सत्र मैं देख रहा हूं, जिसमें किसी भी विदेशी कोने से कोई चिंगारी नहीं भड़काई गई। उन्होंने कहा, आज बजट सत्र के प्रारंभ में मैं समृद्धि की देवी मां लक्ष्मी को प्रणाम करता हूं। ऐसे अवसर पर सदियों से हमारे यहां मां लक्ष्मी का पुण्य स्मरण किया जाता है। मां लक्ष्मी हमें सिद्धि और विवेक देती हैं। समृद्धि और कल्याण भी देती हैं। मैं प्रार्थना करता हूं कि देश के हर गरीब एवं मध्यम वर्गीय समुदाय पर मां लक्ष्मी की विशेष कृपा रहे। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे गणतंत्र ने 75 वर्ष पूरे कर लिए हैं। यह देश के प्रत्येक नागरिक के लिए बहुत गर्व की बात है। इस देश के लोगों ने मुझे तीसरी बार ये जिम्मेदारी दी है और ये इस तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट है। मैं विश्वास से कह सकता हूं कि 2047 में जब आजादी के 100 साल होंगे, विकसित भारत का जो संकल्प इस देश ने लिया है उस दिशा में यह बजट सत्र, यह बजट एक नया विश्वास पैदा करेगा, नई ऊर्जा देगा कि देश जब आजादी के 100 साल मनाएगा तब विकसित होकर रहेगा। 140 करोड़ देशवासी अपने सामूहिक प्रयासों से इस संकल्प को पूरा करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, तीसरे कार्यकाल में हम मिशन मोड में देश को सर्वांगीण विकास की दिशा में चाहे वह भौगोलिक रूप से हो, सामाजिक रूप से हो या आर्थिक भिन्न-भिन्न संदर्भ में हो, हम सर्वांगीण विकास के संकल्प को लेकर मिशन मोड में आगे बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नवाचार, समावेशन और निवेश लगातार हमारी आर्थिक गतिविधि के रोडमैप का आधार रहे हैं। इस सत्र में हमेशा की तरह कई ऐतिहासिक बिल पर सदन में चर्चा होगी और व्यापक मंथन के साथ वो राष्ट्र की ताकत बढ़ाने वाले कानून बनेंगे। विशेषकर नारीशक्ति के गौरव को पुनः प्रस्थापित करना, पंथ-संप्रदाय के भेद से मुक्त होकर हर नारी को सम्मानपूर्ण जीवन और समान अधिकार मिले, इस दिशा में इस सत्र में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि इस बजट सत्र में सभी सांसद विकसित भारत को मजबूती देने के लिए अपना योगदान देंगे। विशेषकर जो युवा सांसद हैं, उनके लिए तो ये सुनहरा अवसर है, क्योंकि वो सदन में जितनी जागरूकता और भागीदारी बढ़ाएंगे, विकसित भारत के फल उनकी नजर के सामने देखने को मिलेंगे। इसलिए युवा सांसदों के लिए ये एक अनमोल अवसर है। मैं आशा करता हूं कि हम देश की आशा-आकांक्षाओं के इस बजट सत्र में खरे उतरेंगे।



## राहुल गांधी के बाद मैदान में उतरी प्रियंका, नांगलोई जाट में किया रोड शो

**नई दिल्ली( जीएनएस )।** दिल्ली में चुनावी प्रचार जोर पकड़ता दिखाई दे रहा है। चुनावी प्रचार अपने आखिरी चरण में है। कांग्रेस भी दिल्ली में अपनी पूरी ताकत लगा रही है। राहुल गांधी ने पहले ही पार्टी के लिए प्रचार शुरू कर दिया था। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी जनसभा को संबोधित किया था। इंतजार प्रियंका गांधी का था। आज प्रियंका गांधी ने नांगलोई जाट में एक रोड शो किया। इस दौरान नांगलोई जाट में जबरदस्त तरीके से जन सैलाब उमड़ा था। इंडिया गठबंधन में होने के बावजूद भी कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दिल्ली में एक दूसरे के खिलाफ जबरदस्त तरीके से चुनाव लड़ रहे हैं। दोनों दल एक दूसरे परिवार पर वार-पलटवार कर रहे हैं। राहुल गांधी लगातार भ्रष्टाचार को लेकर अरविंद केजरीवाल पर निशाना साथ रहे हैं। राहुल गांधी भी शराब घोटाला और शीश महल का मुद्दा उठा रहे हैं। वही संदीप दीक्षित, अलका लांबा जैसे कांग्रेस उम्मीदवार आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल और आतिशी के खिलाफ चुनावी मैदान में हैं।

## संक्षिप्त न्यूज

### पीएम मोदी की विधानसभा चुनाव से पहले दिल्लीवालों को चिट्ठी



**नई दिल्ली( जीएनएस )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगामी विधानसभा चुनाव से पहले दिल्ली की जनता के नाम एक चिट्ठी लिखी है. उन्होंने इसमें विकसित भारत @2047 के विजन को रेखांकित करते हुए कहा कि दिल्ली का विकास इस संकल्प को साकार करने में अहम भूमिका निभाएगा. उन्होंने जीवन जीने में आसानी, यात्रा में आसानी और जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए दिल्ली में भाजपा सरकार की जरूरत बताई पीएम मोदी ने पत्र में दिल्ली के समग्र विकास के लिए भाजपा की प्रतिबद्धता दोहराई. उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों के लिए पक्के घर सुनिश्चित करना चाहती है, अनाधिकृत कॉलोनियों की समस्याओं का समाधान करना चाहती है और आयुष्मान योजना का लाभ दिल्ली के लोगों को देना चाहती है. इसके अलावा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अलग-अलग योजनाओं को लागू करने और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया गया है. पीएम ने पिछले 10 सालों में दिल्ली में हुए इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास का जिक्र किया. उन्होंने बताया कि अनाधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने से लाखों लोगों को राहत मिली है. दिल्ली को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने के लिए एक्सप्रेसवे का जाल बिछाया गया है साथ ही मेट्रो नेटवर्क को दोगुने से ज्यादा बढ़ाया गया है. भारत सरकार की ओर से उपलब्ध कराई गई 1200 से ज्यादा इलेक्ट्रिक बसें भी शहर की सड़कों पर दौड़ रही हैं. पीएम मोदी ने पत्र में भारत मंडपम और यशोभूमि जैसे आधुनिक कन्वेंशन सेंटरों का उल्लेख किया जो दिल्ली को वैश्विक आयोजनों का प्रमुख केंद्र बना रहे हैं. उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का प्रयास है कि दिल्ली न केवल भारत की राजधानी बने बल्कि एक विश्व स्तरीय शहर के रूप में विकसित हो. प्रधानमंत्री ने आगे ग्रेटर कैलाश विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की प्रत्याशी शिखा राय का समर्थन करने की अपील की. उन्होंने बताया कि शिखा राय लंबे समय से जनसेवा में एक्टिव रही हैं और उनकी छवि एक भरोसेमंद नेत्री की बनी हुई है. उन्होंने कहा कि शिखा राय की जीत क्षेत्र के विकास के लिए अहम साबित होगी. पीएम ने अंत में जनता से भाजपा को समर्थन देने की अपील करते हुए कहा कि अब समय आ गया कि दिल्ली में जनसेवा को प्राथमिकता दी जाए और डबल इंजन की सरकार बनाई जाए.

### सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति को बेचारी महिला कहकर तंज कसा

**नई दिल्ली( जीएनएस )।** संसद के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने ऐसी टिप्पणी की है, जिससे बवाल मचना तय है। दरअसल, संसद परिसर में जब पत्रकारों ने उनसे सवाल पूछा तो सोनिया ने राष्ट्रपति को बेचारी महिला कह डाला। दरअसल, राहुल गांधी और सोनिया गांधी आपस में ही बात कर रहे थे। राहुल ने अपनी मां से सवाल के दौरान राष्ट्रपति के अभिभाषण को बोरिंग बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति पुरानी चीजों को ही रिपीट कर रही थीं। इसके बाद सोनिया ने कहा कि राष्ट्रपति काफी थक गई थीं। वो बड़ी मुश्किल से बोल पा रही थीं। खराब बातें बोली पूअर लेडी (बेचारी महिला)।

### वित्त मंत्री ने आर्थिक सर्वेक्षण संसद में पेश किया

**नई दिल्ली( जीएनएस )।** बजट से एक दिन पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को संसद में आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 को पेश कर दिया है। आर्थिक सर्वेक्षण सरकार द्वारा केंद्रीय बजट से पहले अर्थव्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करने के लिए प्रस्तुत किया जाने वाला एक वार्षिक दस्तावेज है। यह दस्तावेज अर्थव्यवस्था की अल्पकालिक से मध्यम अवधि की संभावनाओं का भी अवलोकन प्रदान करता है। आर्थिक सर्वेक्षण वित्त मंत्रालय में आर्थिक मामलों के विभाग के आर्थिक प्रभाग द्वारा मुख्य आर्थिक सलाहकार की देखरेख में तैयार किया जाता है। पहला आर्थिक सर्वेक्षण 1950-51 में अस्तित्व में आया था, जब यह बजट दस्तावेजों का हिस्सा हुआ करता था। 1960 के दशक में इसे केंद्रीय बजट से अलग कर दिया गया था और बजट पेश होने से एक दिन पहले पेश किया गया था। वित्त मंत्री द्वारा 2025-26 का केंद्रीय बजट शनिवार को पेश किया जाएगा। सर्वेक्षण में अगले वित्त वर्ष के लिए दृष्टिकोण प्रदान करने के अलावा अर्थव्यवस्था और विभिन्न क्षेत्रों में विकास की रूपरेखा दी गई है। अक्सर सर्वेक्षण गरीबी उन्मूलन, जलवायु परिवर्तन, शिक्षा, बुनियादी ढांचे के विकास और वित्तीय क्षेत्र से संबंधित चुनौतियों का सामना करने के लिए नए और अनोखे विचार लेकर आते हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अनुमान के मुताबिक, कमजोर विनिर्माण और निवेश के कारण चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी 6.4 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है, जो 4 साल का सबसे निचला स्तर है। यह पिछले साल के आर्थिक सर्वेक्षण में अनुमानित 6.5-7 प्रतिशत और भारतीय रिजर्व बैंक के 6.6 प्रतिशत के अनुमान से कम है। सर्वेक्षण के मुताबिक, जारी संघर्षों और तनावों के कारण भू-राजनीतिक जोखिम उच्च बने हुए हैं, जो वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण के लिए महत्वपूर्ण जोखिम पैदा कर रहे हैं।

आर्थिक सर्वेक्षण कृषि और औद्योगिक उत्पादन, बुनियादी ढांचे, रोजगार, मुद्रा आपूर्ति, कीमतें, आयात, निर्यात और विदेशी मुद्रा भंडार आदि पर प्रकाश डालते हैं। साथ ही अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाले कारकों और सरकार की राजकोषीय रणनीति पर उनके प्रभाव को दर्शाते हैं।

## सिद्धिविनायक मंदिर में ड्रेस कोड लागू होने से भारतीय पारंपरिक परिधान को बढ़ावा मिलेगा-सुरेंद्रनाथ अवधूत



**नई दिल्ली( जीएनएस )।** मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर में नया ड्रेस कोड लागू कर दिया गया है। इसे लेकर साधु-संतों, मंदिर के पुजारी और पीठाधीश्वरों की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कालकाजी मंदिर के पीठाधीश्वर सुरेंद्रनाथ अवधूत ने कहा कि इससे भारतीय पारंपरिक परिधान को बढ़ावा मिलेगा। कालकाजी मंदिर के पीठाधीश्वर सुरेंद्रनाथ अवधूत ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस को बताया, महाराष्ट्र के सिद्धिविनायक मंदिर में ड्रेस कोड लागू करने का निर्णय लिया गया है। मंदिर में छोटे और कटे-फटे कपड़े, जिनमें नग्नता दिखाई देती हो, ऐसे कपड़े पहनकर आने वाले लोगों को मंदिर में प्रवेश देने से वर्जित किया गया है। यह निर्णय स्वागत योग्य है। उन्होंने आगे कहा, मंदिर आस्था का विषय है, यह प्रदर्शन करने के बजाय आस्था की अभिव्यक्ति को प्रकट करने का स्थान है। इन जगहों पर शालीन वस्त्रों में न आना ठीक नहीं लगता, इसलिए अच्छी बात होगी कि मंदिर में लोग शालीन वस्त्र पहनकर आएं। यदि आवश्यकता हुई तो, मंदिर के अंदर भी हम भक्तों से निवेदन करेंगे कि वे मंदिर में जब आएं, तो शालीन परिधान धारण करके आएं, जिससे मन पर बहुत ही अनुकूल प्रभाव पड़ता है। बता दें कि मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर में 30 जनवरी से दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं के लिए ड्रेस कोड लागू किया गया है। इस नई व्यवस्था के तहत, स्कर्ट, कटे-फटे कपड़े और रिवीलिंग ड्रेस पहनकर मंदिर में प्रवेश नहीं मिलेगा। इस विषय पर सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से कहा था कि सिद्धिविनायक मंदिर सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया भर के सनातनी और गणेश भक्तों के आस्था का एक प्रमुख केंद्र है। यहां पर लाखों लोग दर्शन के लिए आते हैं और यहां आने वाले श्रद्धालुओं के जीवन की मनोरथ पूरी होती है। लेकिन, जब लोग किसी पवित्र स्थल पर जाते हैं, तो वहां कुछ नियमों का पालन करना आवश्यक होता है, ताकि उस स्थान की पवित्रता बनी रहे। देश की राजधानी दिल्ली में स्थित मशहूर कालकाजी मंदिर में भी 2023 में श्रद्धालुओं को दर्शन करने के लिए ड्रेस कोड जारी किया गया था। जारी किए गए आदेश के अनुसार कालकाजी मंदिर में भगवान के दर्शन करने के लिए भक्तों को मर्यादित कपड़े पहनकर आना होगा। बता दें कि कालकाजी मंदिर दिल्ली में श्रद्धालुओं के बीच काफी मशहूर है और यह एक शक्तिपीठ भी है। यहां रोजाना हजारों श्रद्धालु दर्शन करने आते है। हालांकि, अब कालकाजी मंदिर में दर्शन करने के लिए भक्तों के विचार के साथ-साथ कपड़े भी सात्विक होना आवश्यक है। अगर श्रद्धालु पश्चिमी सभ्यता से प्रेरित छोटे कपड़े पहनकर मंदिर आते हैं तो मंदिर परिसर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कालकाजी के अलावा दिल्ली के कई मंदिरों में भी मर्यादित कपड़े पहनकर आने को कहा जा रहा है। कालकाजी मंदिर के वेबसाइट के अनुसार कालकाजी मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए ड्रेस कोड जारी किया गया है। ड्रेस कोड के तहत पुरुष श्रद्धालु ट्राउज़र, धोती और पायजामा के साथ ऊपर में शर्ट और टीशर्ट पहनकर माता के दर्शन करने आ सकते है। वहीं महिलाएं साड़ी और पायजामा के साथ चूड़ीदार पहन कर आ सकती हैं। कालकाजी मंदिर के पीठाधीश्वर महंत सुरेंद्र नाथ अवधूत ने बताया कि मंदिर एक सात्विक जगह होती है और यहां का माहौल भी सात्विक होता है। ऐसे में श्रद्धालुओं में भी आस्था के साथ सात्विकता और मर्यादा होनी चाहिए, जिससे मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के मन मे उस दौरान भक्ति-भाव के अलावा और कुछ भी नहीं आये। इसलिए मंदिर प्रांगण में महिलाओं और पुरुषों दोनों के लिए मर्यादित वस्त्रों को पहनकर मंदिर में प्रवेश को अनिवार्य किया गया है। महंत सुरेंद्र नाथ अवधूत ने कहा कि मंदिर में कई बार श्रद्धालु ऐसे कपड़े पहनकर आते है, जिसका अच्छा प्रभाव नहीं पड़ता है। इसमें खासकर महिलाओं व लड़कियों से अपील की गई है कि वह शालीन और मर्यादित कपड़े पहन कर मंदिर के अंदर आएं। महंत जी के अनुसार छोटे वस्त्र, हाफ पैंट, बरमूडा, मिनी स्कर्ट, नाईट सूट और कटी-फटी जीन्स पहनकर आने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर प्रांगण में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्हें मंदिर के बाहर से ही माता के दर्शन करना होगा। इससे संबंधित सुचना को मंदिर के प्रवेश द्वारा के ठीक बाहर भी लगाया गया है ताकि आने वाले भक्तों को असुविधा का सामना नहीं करना पड़े।

## शिवसेना शिंदे गुट के नेता अशोक धोडी की कार तालाब से बरामद, अंदर रस्सी से बंधा शव देख मचा हड़कंप



**नई दिल्ली( जीएनएस )।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता अशोक धोडी के लापता होने के 12 दिन बाद उनका पता चला है। गुजरात के भिलाड के पास स्थित सरिगाम में एक बंद पत्थर खदान में उनकी कार समेत शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। डहाणू तालुका विधानसभा संघटक अशोक धोडी का अपहरण कर हत्या किए जाने का मामला शुक्रवार, 31 जनवरी को सामने आया। वह 12 दिनों से लापता थे और अंततः उनका शव गुजरात के सरिगाम में उनके वाहन के पिछले हिस्से में रस्सी से बंधी हुई अवस्था में मिला। उनके भाई अविनाश धोडी के पुलिस हिरासत से फरार होने के कारण पारिवारिक विवाद (पुरानी दुश्मनी) के चलते हत्या की आशंका जताई जा रही है। जांच के दौरान यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आ रहा है कि इस अपराध के पीछे मृतक के सगे भाई या किसी करीबी परिजन का ही हाथ हो सकता है। पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर जांच शुरू की, लेकिन अविनाश धोडी और एक अन्य आरोपी हिरासत से फरार हो गए। इस वजह से आशंका बढ़ गई कि अशोक धोडी की हत्या साजिश के तहत की गई है। अंततः गिरफ्तार संदिग्धों की सूचना के आधार पर 12 दिन बाद पुलिस को अशोक धोडी का शव मिला। उनका शव गुजरात के सरिगाम में उनके वाहन में मिला, जिसमें वे पीछे की ओर रस्सी से बंधे हुए थे। इस घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों और क्रेन की मदद से खदान से मृतक अशोक धोड़ी की ब्रेजा कार को निकाला गया। अशोक धोडी के परिवार ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है तलासरी तालुका के शिवसेना पदाधिकारी अशोक धोडी 20 जनवरी को काम के सिलसिले में मुंबई गए थे। वहां से लौटते समय उन्होंने अपने घर फोन कर बताया कि वे रात के खाने के लिए घर आ रहे हैं। लेकिन जब वे घोलवड से वेवजी स्थित अपने घर लौट रहे थे, उसी दौरान उनका वाहन समेत अपहरण कर लिया गया।

## आर्थिक सर्वेक्षण ने देश में कारोबार को आसान बनाने पर तथा आर्थिक सुधारों जोर दिया-उद्योग जगत

**नई दिल्ली( जीएनएस )।** उद्योग जगत ने संसद में पेश आर्थिक सर्वेक्षण का स्वागत करते हुए कहा कि आज संसद में पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण में भारत को तीव्र विकास पथ पर ले जाने के लिए विशेष रूप से जमीनी स्तर पर और अधिक आर्थिक सुधारों के लिए एक मजबूत मामला बनाया गया है, जबकि वैश्विक वातावरण चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। एसोचैम के अध्यक्ष संजय नायर ने कहा कि हालांकि 2025-26 के लिए 6.3-6.8 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि का अनुमान यथार्थवादी है और इसके उच्च स्तर पर पहुंचने की प्रबल संभावना है, लेकिन आर्थिक सर्वेक्षण की खास बात यह है कि इसमें विशेष रूप से जमीनी स्तर पर और विशेष रूप से एमएसएमई के लिए विनियमन और सुधारों पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रमुख सरकारी दस्तावेज राज्यों पर भूमि, श्रम और भवन के उपयोग को नियंत्रित करने वाले कानूनी ढांचे में सुधार करने के लिए सही और जोरदार तरीके से जोर देता है। सर्वेक्षण ने सही ढंग से जोर दिया है कि ये राज्यों के लिए सही शुरुआती बिंदु हैं, क्योंकि ये उद्यमियों द्वारा बड़े निर्णय लेने को प्रभावित करते हैं। ये सभी रोजगार सृजन के लिए अत्यधिक परिणामी कारक हैं, खासकर एमएसएमई के बीच। इन मुद्दों को एसोचैम ने नवंबर 2024 की अपनी रिपोर्ट में भी उजागर किया था, जिसका शीर्षक था एमएसएमई को कारोबार करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. वी. अनंथा नागेश्वरन और उनकी टीम द्वारा लिखित सर्वेक्षण में व्यक्त आशावाद को साझा करते हुए, चैंबर ने कहा, %%निवेश, जीडीपी वृद्धि और मुद्रास्फीति में गिरावट की संभावनाएं उवल हैं। हालांकि, हमें सतर्क रहने की जरूरत है, जैसा कि सर्वेक्षण में विशेष रूप से उभरते वैश्विक आर्थिक वातावरण से आने वाले नकारात्मक जोखिमों के बारे में आगाह किया गया है।%% फिक्की के अध्यक्ष हर्षवर्धन अग्रवाल ने कहा, यह जानकर खुशी हुई कि आर्थिक सर्वेक्षण ने %विनियमन हटाने% और देश में कारोबार को आसान बनाने के एजेंडे को आगे बढ़ाने पर जोर दिया है। सर्वेक्षण ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि व्यवसायों को उनके मूल मिशन पर ध्यान केंद्रित करने की अनुमति देना एक महत्वपूर्ण योगदान है जो देश भर की सरकारें नवाचार को बढ़ावा देने और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए कर सकती हैं। फिक्की का मानना है कि विनियमन को सरल बनाने और पुराने विनियमन को खत्म करने से देश में कारोबार करने की लागत में काफी कमी आ सकती है और इससे निवेश और समग्र विकास को बढ़ावा मिलेगा। अग्रवाल ने कहा, इसके अलावा, हम यह उल्लेख करना चाहेंगे कि नियामक सुधारों के लिए राज्य सरकारों की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता है और देश में कारोबारी माहौल को बेहतर बनाने में उनकी भूमिका लगातार महत्वपूर्ण होती जा रही है। सर्वेक्षण में विनिर्माण क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला गया है। वहीं सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि सर्वेक्षण में वर्तमान आर्थिक विकास का व्यापक, गहन और दूरगामी विश्लेषण किया गया है, जो नए भारत के लिए सुविज्ञ, साक्ष्य-आधारित और भविष्योन्मुखी नीति निर्माण के लिए महत्वपूर्ण होगा। सर्वेक्षण में राष्ट्र निर्माण में निजी क्षेत्र की भूमिका को सही रूप से स्वीकार किया गया है और चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल के बीच विकास को गति देने और रोजगार सृजन के लिए विनियमन और 'व्यापार के रास्ते से हटने' के माध्यम से व्यवसाय की लागत को कम करने के अपने आह्वान में स्पष्ट रूप से कहा गया है। आगे बढ़ते हुए, सीआईआई ने भारत की विकास संभावनाओं पर सर्वेक्षण द्वारा व्यक्त दृष्टिकोण को साझा करते हुए नाजुक बाहरी परिवेश और घरेलू मांग की वर्तमान स्थिति के कारण चालू वर्ष में 6.4 प्रतिशत की तुलना में 2025-26 के लिए 6.3-6.8 प्रतिशत की सीमा में जीडीपी विकास दर का अनुमान लगाया है। सर्वेक्षण में उल्लेख किया गया है कि मुद्रास्फीति विश्वसनीय रूप से कम हो रही है और चालू खाता घाटा आरामदायक स्तर के भीतर है, जो बहुत सकारात्मक संकेत हैं। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष हेमंत जैन ने कहा कि हमें यह जानकर खुशी हो रही है कि भारत की अर्थव्यवस्था स्थिर आर्थिक वृद्धि प्रदर्शित कर रही है, जो स्थिर लेकिन असमान वैश्विक विकास, वैश्विक विनिर्माण में मंदी, समकालिक वैश्विक मूल्य वृद्धि के जोखिम, भू-राजनीतिक तनाव और व्यापार नीति जोखिमों के बावजूद लचीलापन प्रदर्शित कर रही है।

## गुजरात में 3 नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर शाह ने की समीक्षा बैठक,सीएम पटेल भी थे मौजूद

**नई दिल्ली( जीएनएस )।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को नई दिल्ली में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल की उपस्थिति में राज्य में 3 नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में पुलिस, जेल, कोर्ट, अभियोजन और फॉरेन्सिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के गुजरात में कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में गुजरात के गृह राज्य मंत्री, केन्द्रीय गृह सचिव, गुजरात के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक, राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के महानिदेशक और केन्द्रीय गृह मंत्रालय एवं राज्य सरकार के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में चर्चा के दौरान शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा लाए गए 3 नए आपराधिक कानूनों की आत्मा, किसी भी मामले में स्नढ्ढक्रसे लेकर सुप्रीम कोर्ट तक 3 साल में न्याय दिलाने के प्रावधान में है। शाह ने गुजरात सरकार द्वारा नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन को लेकर अब तक किए गए कार्यों की सराहना करते हुए राज्य सरकार से 30 अप्रैल 2025 तक सभी कमिश्नरेट में नए कानूनों का शत-प्रतिशत कार्यान्वयन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री से इसकी मासिक, राज्य के गृह मंत्री पाक्षिक और मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) एवं महानिदेशक पुलिस स्तर पर साप्ताहिक समीक्षा की जानी चाहिए। अमित शाह ने कहा कि गुजरात ने 10 वर्ष से अधिक सजा वाले मामलों में 92 प्रतिशत से अधिक चार्जशीट समय पर दाखिल करने का सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि बचे हुए मामलों में अधिनियम में कोर्ट से अनुमति लेने के प्रावधान के उपयोग को सुनश्चित करने की समीक्षा की जानी चाहिए। गृह मंत्री ने कहा कि गुजरात ने Zero FIR को शत-प्रतिशत FIR में बदलने का प्रशंसनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था की जानी चाहिए जिसमें अपराध एवं अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क एवं सिस्टम (CCTNS) के जरिए दो राज्यों के बीच FIR ट्रांसफर किया जा सके। गुजरात को CCTNS 2.0 को अपनाना चाहिए। नए कानूनों में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के प्रावधान पर गृह मंत्री ने कहा कि इसके उचित क्रियान्वयन के लिए राज्य के गृह एवं स्वास्थ्य विभाग को बैठक कर अस्पतालों से पोस्टमार्टम और अन्य मेडिकल रिपोर्ट इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त करने पर जोर देना चाहिए। शाह ने जेलों, सरकारी अस्पतालों, बैंक, फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी इत्यादि परिसरो में भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए साक्ष्य दर्ज करने के व्यवस्था होनी चाहिए।

## तिरुपति मंदिर ट्रस्ट को मिला 1 करोड़ का दान, बैंक में रहेगा पैसा, ब्याज से भक्तों के मुफ्त भोजन का इंतजाम

**नई दिल्ली( जीएनएस )।** आंध्र प्रदेश के तिरुमाला में तिरुपति मंदिर ट्रस्ट को दान में एक करोड़ रुपये मिले हैं। चेन्नई के एक भक्त ने यह दान खास तौर पर भक्तों के लिए चलाई जाने वाली फ्री खाने की योजना के लिए किया गया है। चेन्नई के एक श्रद्धालु ने शुक्रवार को तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के एसवी अन्नप्रसादम ट्रस्ट को 1 करोड़ रुपये का दान दिया। वेंकटेश कन्नपन ने रंगनायकुला मंडपम में टीटीडी के अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी सीएच वेंकैया चौधरी को डिमांड ड्राफ्ट के रूप में यह राशि दान की। मंदिर निकाय ने एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, कन्नपन ने टीटीडी के एसवी अन्नप्रसादम ट्रस्ट को 1 करोड़ रुपये का दान दिया है। पूर्व सीएम एन टी रामाराव ने 1985 में प्रतिदिन 2,000 तीर्थयात्रियों को मुफ्त भोजन परोसने के लिए वेंकटेश्वर नित्य अन्नदानम बंदोबस्ती योजना शुरू की थी। बाद में, इसे 1994 में श्री वेंकटेश्वर नित्य अन्नदानम ट्रस्ट के नाम से एक स्वतंत्र ट्रस्ट में बदल दिया गया और 2014 में इसे श्री वेंकटेश्वर अन्नप्रसादम ट्रस्ट के रूप में बदल दिया गया। दुनिया भर से मिलने वाले दान से चलने वाला यह ट्रस्ट राष्ट्रीय कृत बैंकों में धन जमा करता है और उन पर मिलने वाले ब्याज से भक्तों को भोजन परोसने का खर्च चलाता है। यह हजारों भक्तों को पेय पदार्थ बिना किसी शुल्क के देता है और दिन में तीन बार भोजन परोसता है।

## दिल्ली को झूठ-लूट से मुक्त कराना है', द्वारका में गरजे पीएम मोदी

**नई दिल्ली( जीएनएस )।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में राजनीतिक दल पूरी ताकत झोंक रहे हैं. इसी कड़ी में पीएम मोदी ने आज यानी शुक्रवार को दिल्ली के द्वारका में रैली को संबोधित किया. पीएम मोदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पूरी दिल्ली ने ठान लिया है कि, अबकी बार डबल इंजन की सरकारज् उन्होंने कहा कि दिल्ली को अब डबल इंजन वाली सरकार की जरूरत है. उन्होंने लोगों से कहा कि 'इस बार मुझे डबल इंजन की सरकार बनाने और जनता की सेवा करने का मौका दीजिए. द्वारका रैली में पीएम मोदी ने कहा कि बीजेपी दिल्ली को मॉर्डन शहर बनाना चाहती है. इसकी झलक द्वारका में दिखी जहां केंद्र ने भव्य यशोभूमि बनाया. उन्होंने कहा कि यहां डबल इंजन की सरकार बनाकर मुझे दिल्ली की सेवा करने का मौका दीजिए.पीएम मोदी ने कहा कि मैं गारंटी देता हूं कि भाजपा सरकार दिल्ली के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आपने मुझे कई बार देश की सेवा करने का मौका दिया है. अब मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप मुझे दिल्ली के लिए भी काम करने का मौका दें. मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि दिल्ली के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी. पीएम मोदी ने अपने भाषण में कहा कि दिल्ली से लूटे गए पैसों से आम आदमी पार्टी दूसरे राज्यों में अपने राजनीतिक हित साध रही है. उन्होंने कहा कि दिल्ली को टकराव वाली सरकार की नहीं, बल्कि विकास सुनिश्चित करने के लिए केंद्र के साथ समन्वय करने वाली सरकार की जरूरत है. हमें एक साथ मिलकर दिल्ली को झूठ और लूट से मुक्त कराना है. इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी दिल्ली में सभी गरीबों के लिए पक्के मकान बनाने में मदद करेगा, यह मेरी गारंटी है।

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज आठवीं बार पेश करेंगी देश का आम बजट

**नई दिल्ली( जीएनएस )।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संसद में मोदी 3.0 का दूसरा पूर्ण बजट पेश करने के लिए तैयार हैं। आम आदमी को इस बजट से बड़ी उम्मीदें हैं।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कल (1 फरवरी 2025) को मोदी 3.0 का यूनियन बजट पेश करने के लिए तैयार हैं। मोदी 3.0 के बाद आने वाला यह दूसरा पूर्ण बजट है। इससे पहले लोकसभा चुनाव 2024 के बाद 23 जुलाई 2024 को सरकार ने अपना पहला आम बजट पेश किया था। वित्त मंत्री सीतारमण का यह लगातार आठवां बजट है। इससे पहले मोरारजी देसाई ने लगातार 6 बजट पेश किए थे। आज सुबह 11 बजे संसद पटल पर देश का बजट रखा जाएगा। लगातार बढ़ रही महंगाई और दुनियाभर में मंदी की आहट के बीच भारत के इस बजट पर सबकी निगाहें बनी हुई हैं।



## भारत की विकास यात्रा के अमृतकाल को सरकार अभूतपूर्व उपलब्धियों के माध्यम से नई ऊर्जा दे रही है-राष्ट्रपति



**नई दिल्ली( जीएनएस )।** दिल्ली विधानसभा चुनाव की गहमागहमी के बीच संसद का बजट सत्र शुक्रवार को आरंभ हो गया। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित किया। उन्होंने सांसदों को संबोधित करते हुए देश को विकसित भारत का संदेश दिया। इसके साथ ही उन्होंने प्रयागराज महाकुंभ में हुए हादसे पर दुख जताया। राष्ट्रपति ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को भी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि महाकुंभ भारत की सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक चेतना का पर्व है। उन्होंने कहा, इस समय महाकुंभ का ऐतिहासिक पर्व चल रहा है। यह भारत की सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक चेतना का पर्व है। करोड़ों लोग स्नान कर चुके हैं। मौनी अमवस्या के दिन हुए हादसे पर दुख व्यक्त करती हूं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। राष्ट्रपति मुर्मू ने अभिभाषण में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन का भी उल्लेख किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी।मनमोहन सिंह का बीते साल 26 दिसंबर को निधन हो गया था। इससे पहले अपने अभिभाषण में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि संसद की इस बैठक को संबोधित करते हुए मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है। अभी दो माह पहले हमने संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ मनाई है और कुछ दिन पहले ही भारतीय गणतंत्र ने 75 वर्षों की यात्रा भी पूरी की है। ये अवसर लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत के गौरव को नई ऊंचाई देगा। भारत की विकास यात्रा के इस अमृतकाल को आज मेरी सरकार अभूतपूर्व उपलब्धियों के माध्यम से नई ऊर्जा दे रही है। तीसरे कार्यकाल में तीन गुना तेज गति से काम हो रहा है। आज देश बड़े निर्णयों और नीतियों को असाधारण गति से लागू होते देख रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का विस्तार करते हुए तीन करोड़ अतिरिक्त परिवारों को नए घर देने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए पांच लाख 36 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाने की योजना है। जनजातीय समाज के पांच करोड़ लोगों के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान प्रारंभ हुआ है। इसके लिए 80 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के छह करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य बीमा देने का फैसला हुआ है। इन्हें हर वर्ष पांच लाख रुपये का हेल्थ कवर मिलेगा। उन्होंने कहा, मेरी सरकार ने युवाओं की शिक्षा और उनके लिए रोजगार के नए अवसर तैयार करने पर विशेष फोकस किया है। मेधावी छात्रों को उच शिक्षा में वित्तीय सहायता देने के लिए पीएम विद्यालक्ष्मी योजना शुरू की गई है। एक करोड़ युवाओं को शीर्ष 500 कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर भी दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मेरी सरकार महिलाओं के नेतृत्व में देश को सशक्त बनाने में, यानी महिला के नेतृत्व वाले विकास में विश्वास करती है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के द्वारा लोक सभा और विधान सभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 91 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों को सशक्त किया जा रहा है। देश की 10 करोड़ से भी अधिक महिलाओं को इसके साथ जोड़ा गया है। इन्हें कुल नौ लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि बैंक लिंकेज के माध्यम से वितरित की गई है। हमारी बैंकिंग और डिजी पेमेंट सखियां दूर दराज के इलाकों में लोगों को वित्तीय व्यवस्था से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कृषि सखियां नेचुरल फार्मिंग को बढ़ावा दे रही हैं और पशु सखियों के माध्यम से हमारा पशुधन मजबूत हो रहा है। ड्रोन दीदी योजना महिलाओं के आर्थिक और तकनीकी सशक्तिकरण का माध्यम बनी है। आज हमारा युवा स्टार्टअप्स, स्पोर्ट्स से लेकर स्पेस तक हर फ़ील्ड में देश का नाम रोशन कर रहा है। माय भारत पोर्टल के जरिये लाखों युवा राष्ट्र निर्माण के कार्यों से जुड़ रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि मेरी सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए आधुनिक शिक्षा व्यवस्था तैयार कर रही है। कोई भी शिक्षा से वंचित ना रहे, इसीलिए मातृ भाषा में शिक्षा के अवसर दिए जा रहे हैं। विभिन्न भर्ती परीक्षाएं 13 भारतीय भाषाओं में आयोजित कर, भाषा संबंधी बाधाओं को भी दूर किया गया है।

